महत्वपूर्ण एवं खास

केलो नहर टूटने पर जांच हेतु दल गठित

रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने केलो बांध के समीप केलो नहर टूटने पर मुआयना किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए जांच दल गठित किया गया है। नहर टूटने के कारण एवं इसकी जांच हेतु सहायक कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, तहसीलदार सुश्री शिवानी जायसवाल, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग धरमजयगढ़ आर.आर. सारथी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता जी.एन. सिंह तंवर को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया है।

पंचमुखी मंदिर में सांई महोत्सव 15 से 19 तक होंगे विविध आयोजन

रायगढ़। शहर के सुप्रसिद्ध धार्मिक आस्था का केंद्र जो कि हृदय स्थल बुजी भवन चौक स्थित है पंचमुखी हनुमान साई दरबार एवं सिद्ध पिप्लाक्षय महादेव मंदिर में आगामी 15 अक्टूबर दिन सोमवार से लेकर 19 अक्टूबर दिन शुक्रवार तक 5 दिवसीय श्री साई महोत्सव का आयोजन किया गया है। जहाँ प्रतिदिन अलग अलग प्रकार के प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि आज से 100 वर्ष पूर्व शिर्डी के साई बाबा ने विजयादशमी दशहरे के दिन 15 अक्टूबर 1918 को अपने शरीर को त्याग कर समाधिस्ट हो गए थे।

नवरात्रि पर गरबा व डांडिया की मची है धूम

कई स्थानों पर चल रहा प्रशिक्षण व कार्यक्रम

रायगढ़। शारदीय नवरात्र शुरू होते ही रायगढ़ शहर मां दुर्गा के रंग में रंगा नजर आने लगा है। सुबह से लेकर देर रात तक चहुंओर मां भवानी की पूजा अर्चना के साथ-साथ भजन कीर्तनों का दौर शुरू हो चुका है।

शहर के सभी मंदिर विद्युत झालरों से जगमगा उठे, जिसकी सुंदरता देखते ही बन रही है। मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा है। नव दिनों तक चलने वाली नवरात्रि पूजा कलकत्ता की तर्ज पर रायगढ़ में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के समय मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा को विशाल पंडाल में सजाने की तैयारी अंतिम चरण में है, तो वहीं माता रानी को प्रिय रास गरबा व डांडिया का प्रशिक्षण कई स्थानों पर चल रहा है।

दो इनामी नक्सलियों सहित तीन ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। सुकमा में दो इनामी नक्सली सहित तीन नक्सलियों ने आत्मसर्पण किया है। शासन द्वारा चलाये जा रहे पुनर्वास योजना के प्रचार-प्रसार से प्रभावित होकर पुलिस के सामने नक्सालियों ने आत्मसर्पण किया है।

आत्मसर्मपित नक्सलियों में मुचाकी सुनीता और दिरदों जोगा ये दोनों नक्सलियों के सगठन में बड़े पदों पर रह चुके है। शासन ने इन दोनों पर आठ आठ लाख रूपये के इनाम की घोषणा कर रखी थी। वहीं नक्सली हेमला गंगा मिलिशिया के पद पर रह चुका है। तीनों नक्सलियों ने बस्तर आईजी विवेकानंद सिन्हा, डीआईजी आरएल डांगी, सुकमा एसपी अभिषेक मीना के समक्ष आत्मसर्मपण किया है।

जोगी कांग्रेस ने प्रदेश स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

रायपुर। जोगी कांग्रेस ने प्रदेश स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष विधान मिश्रा ने बनाया है, जिस पर जेसीसीजे चीफ अजीत जोगी ने सहमती जताई है।

अबकी बार 65 पार, 19 में दोहराना है मोदी सरकार-अमित शाह

रायपुर में भाजपा अध्यक्ष शाह ने भरी हुंकार

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने रायपुर में बूथस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हुंकार भरी कि यहां उपस्थित कार्यकर्ताओं का हुजूम और जोश बता रहा है कि अबकी बार छत्तीसगढ़ में जो सरकार बनने वाली है वह 65 पार की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि वे ऐसे सौभाग्यशाली अध्यक्ष हैं जिसे देश भर के बूथ कार्यकर्ताओं तक पहुंचने का सौभाग्य मिला है। हमारी हर एक सफ लता का श्रेय बूथ में बैठे बूथ के कार्यकर्ताओं को जाता है।

उन्होंने जनसंघ से भाजपा तक की राजनीतिक यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी का यह विशाल स्वरूप आज कल का नहीं है। आज भाजपा 11 करोड़ सदस्य वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भारत का मानचित्र देखें तो देश के 70 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा का झंडा बुलंद करने का काम कार्य कर्ताओं ने किया है। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता भारत माता के लिए जान निछावर करने वाला है। अभी भाजपा को ओड़िशा जीतना है, बंगाल जीतना है, तेलंगाना और केरल जीतना है तब लक्ष्य पूरा होगा। शाह ने कहा कि आज सभी की नजर छत्तीसगढ़ के चुनाव पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्राणपण से जुटकर छत्तीसगढ़ में चौथी बार भाजपा सरकार बनाना है। ऐसी सरकार कि 65 प्लस के मिशन पूरा करने के साथ 2019 से पहले राज्य की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने का संदेश चला जायें। उन्होंने याद दिलाया कि 2000 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ बीमारू राज्य के रूप में भय भूख और आतंक का प्रतीक बन गया था लेकिन 2003 में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद डॉ रमन सिंह की अगुआई में छत्तीसगढ़ ने विकास की गाथा लिखी। बीमारू राज्य को ठीक करने का जिम्मा डॉ. रमन को मिला। डॉ रमन सिंह ने नक्सलवाद को समूल खत्म करने का काम किया है। आज विकसित छत्तीसगढ़ हमारे सामने है। कांग्रेस के समय 9 हजार करोड़ का बजट था, आज 94 हजार करोड़ का बजट है। प्रति व्यक्ति आय 13 हजार से 86 हजार करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। धान का उत्पादन 65 लाख मीट्रिक टन से 1 करोड़ 3 लाख मीट्रिक टन करने का काम हमारी सरकार ने किया है। ऐसा विकास भाजपा सरकार और डॉ रमन सिंह ही कर सकते है। शाह ने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएंगे, कहते हैं हिसाब दो। राहुल बाबा से देश की जनता आप से सवाल कर रही है 55 साल में आपने क्या किया? 55 साल का हिसाब दो।

समूह बनाकर सात महिलाओं के नाम पर फर्जी लोन, एसपी से शिकायत

रायगढ़। पुसौर थाना क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक महिलाओं अपने साथ हुए जालसाजी की घटना पर जिला पुलिस क सान से शिकायत कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किए जाने की मांग किये है। महिलाओ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि 7 सितंबर को उन्हें बैंक से एक नोटिस मिला था जिस पर उनके द्वारा महिला समिति बनाकर एचडीएफसी बैंक से लोन लेने के बाद भी रकम की आदायगी बैंक में नही की जा रही है। जिसके बाद जिन जिन महिलाओं को यह नोटिस मिला था उनमें खलबली मच गई। ततपश्चात सभी ने बैंक जाकर इसकी पड़ताल की तो उन्हें ज्ञात हुआ कि कोई रानी समूह के नाम पर सात महिला तुसला बाई, नीला बाई, भारती एवं अन्य लोगों पर 25 - 25 हजार रुपये का लोन है। वही बारीकी से अध्ययन करने पर महिलाओं को पालवती चौहान पति इंद्रवती चौहान ग्राम कसाईपाली निवासी के मार्फत यह लोन लिया जाना बताया गया।

इस जालसाजी को लेकर महिलाओ ने बैंक अधिकारियों को भी आड़े हाथ लेते हुए दोनों पर सूक्ष्म जांच कर धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने की मांग किये है।

रितेश के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया

रायगढ़। शहर कांग्रेस के तेज तर्रार युवा नेता रितेश वैद्य के नेतृत्व में गत शुक्रवार में नगर के वार्ड क्र.28 की कुल 30 महिलाओं ने एक साथ कांग्रेस प्रवेश किया। लम्बे समय से भाजपा शासन काल में जिला एवं नगर के साथ-साथ वार्ड, मोहल्लें का विकास पूरी तरह से ठप्प होने एवं जन-जन के सामने विभिन्न तरह की बढ़ती समस्याओं से त्रस्त वार्ड 28 पंजरी प्लांट में जिला कांग्रेस शहर के अध्यक्ष जयंत ठेठवार द्वारा बाकायदा बैठक ली गई जिसमें कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित मोहल्ले की महिलाओं ने एक सुर से कांग्रेस के पक्ष में शामिल होकर काम करने की सहमति जतायी जिस पर स्थानीय कांग्रेस भवन में एक सादे व गरिमामय आयोजन के तहत सभी महिला सदस्यों को वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा पुष्प गुच्छ एवं दुपट्टा भेंट कर ससम्मान कांग्रेस प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जयंत ठेठवार ने सही समय पर सही निर्णय के लिये नवप्रवेशी समस्त महिला सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कांग्रेस में बड़ी मात्रा में महिलाओं की एंट्री होना संगठन की मजबूती का द्योतक है जिसका श्रेय पार्टी के युवा नेता रितेश वैद्य, बजरंग अग्रवाल, विनय सुतार एवं बिरजु सारथी को जाता है। कांग्रेस प्रवेश करने वाली महिला सदस्यों में प्रमुख रूप से देवती सिंह परिहार, हिना राजपूत, कुमार साहू, मीरा गोहो, सरिता सिदार, त्रिवेणी सारथी, बसंती यादव, ममता महंत, सुकमती यादव, लक्ष्मी साहू, विमला नामदेव, छाया श्रीवास, रूकमणी चौहान, श्रद्धा यादव, किरण महंत, सावित्री नेताम, शारदा सारथी, शोभा महंत, पार्वती सिंह, उर्मिला वर्मा, शशि सिंह, अनिता एवं मीना महंत आदि का नाम शामिल हैं।

मायलोमेलिंगो सील से पीड़ित 4 माह बच्ची का हुआ सफल आपरेशन

रायगढ़। चार माह की बच्ची की रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर हो जाने से हो जाने से उसके सिर में पानी भरने की शिकायत आ रही थी। वही इस बीमारी से बच्ची लगातार अस्वस्थ चल रही थी जिसकी हालत को देख परिजनों ने मेडिकल कालेज अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया। जहां डाक्टर शोभित माने की टीम ने बच्ची के सिर का आपरेशन कर पानी को बाहर निकाला गया है। वही रीढ़ की हड्डी में हुए ट्यूमर की सर्जरी चार माह बाद किया जाएगा।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा जिले के हसौद निवासी सतीश सोनवानी की 4 माह की पुत्री सोनिया के रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर हो गया जिसे रायगढ़ के जिला अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया गया है जहां बच्ची की जांच पर ज्ञात हुआ कि बच्ची को मायलोमेलिंगो सील नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रसित है जिसकी वजह से डाक्टरों ने बताया की बच्ची के सिर में (मायलोमेलिंगो सील) ट्यूमर की वजह से पानी भराना बताया और पानी को तत्काल निकाले जाने की बात कही जिसके बाद मेडिकल कालेज के डाक्टर शोभित माने ने सिर का आपरेशन कर सिर में भरे पानी को बाहर निकाला । वहीं डाक्टरों ने बताया कि रीढ़ की हड्डी में हुए ट्यूमर की सर्जरी 4 माह बाद किया जाएगा।

आचार सहिता लगने के बाद स्वेच्छानुदान राशि का चेक जारी नायब नाजिर निलंबित

प्रभारी तहसीलदार को थमाया नोटिस, तहसील कार्यालय से बिना तारीख वाले 46 चेक जब्त

बेमेतरा। जिले में आचार सहिता लगने के बाद भी साजा क्षेत्र में स्वेच्छानुदान राशि का चेक जारी किए जाने के मामले में कलक्टर महादेव कावरे ने कार्रवाई की है। साजा तहसील के नाजीर को निलंबित किया गया है। साथ ही लिपिक के पास से 46 नग चेक बरामद कर लिया गया है। मामले में लापरवाही बरतने के लिए साजा प्रभारी तहसीलदार ताराचंद खरे को नोटिस जारी कर दिया गया है।

हितग्राही को थमाया गया था बिना तारीख वाला चेक- बताना होगा कि साजा में स्वेच्छानुदान का चेक वितरण का मामला तुल पकडने लगा है। चेक वितरण को लेकर बरते गए लपरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हितग्राही को बिना तारीख वाला चेक थमाया गया है। स्वेच्छानुदान का मामला पत्रिका द्वारा सामने लाए जाने के बाद जनपद पंचायत के जिम्मेदारों की लापरवाही भी सामने आई है। जिसके बाद जिले के तहसील कार्यालय साजा के नायब नाजिर के पद पर पदस्थ शरद वर्मा को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया है।

कलेक्टर ने रुकवाया चेक का भुगतान- स्वेच्छानुदान की राशि दो हजार रुपए का चेक बैंक ऑफ बड़ौदा साजा के नाम से जारी हुआ है। जिसमें जारी दिनांक का कहीं पर उल्लेख नहीं है एवं हितग्राही को वितरण कर दिया गया है। कलक्टर महादेव कावरे ने बताया कि कार्य में लापरवाही बरतने के कारण नायब नाजिर वर्मा को निलंबित कर उनका मुख्यालय कलक्टोरेट कार्यालय बेमेतरा कर दिया गया है। इसके अलावा साजा के प्रभारी तहसीलदार तारा सिंह खरे को भी शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। जिलाधीश ने बताया कि तहसील कार्यालय से बिना तारीख के 46 चेक जब्त कर लिए गए हैं। कलक्टर ने बताया कि शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा साजा को राशि भुगतान (चेक क्लीयर) नहीं करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साजा विधानसभा में आचार संहिता लगने के बाद विधायक लाभचंद बाफना पर जनसंपर्क स्वेछानुदान से अपने घर में हितग्राहियों को चेक का वितरण का आरोप लगाते हुए सांसद प्रतिनिधि हरीशचंद साहू ने कलक्टर से शिकायत की थी।

चित्रकार सुरेन्द्र ठाकुर के निधन पर युवा देवांगन समाज ने दी श्रद्धांजलि

रायगढ़ । कोष्टापारा निवासी 74 वर्षीय प्रतिष्ठित पेंटर एवं पोट्रेट चित्रकार सुरेंद्र सिंह ठाकुर के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हुए रायगढ़ युवा देवांगन समाज के सभी सदस्यों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्व. सुरेन्द्र ठाकुर मृदुभाषी, व्यवहार कुशल, मिलनसार एवं बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। इनका समाज के प्रति योगदान, प्रेरणा एवं यादें जीवन की अमूल्य धरोहर है।

युवा देवांगन समाज के सभी सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति दें।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कुलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
Topper Students Last Session

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
Join CAREER...
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHN16931